# यश भारत

आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक 140-● जबलपुर ● सोमवार, 21 जून, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष -11 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935


## विश्व योग दिवस




## एप से कई भाषाओं में सीख सकेंगे योग



**नई दिल्ली।** आज दुनिया सातवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मना रही है। दुनिया के अलग-अलग देशों में खासा उत्साह है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार सुबह देशवासियों को संबोधित किया और योग के माध्यम से बीमारियों से दूर रहने का फॉर्मूला दिनचर्या में शामिल करने की बात कही। वहीं योग दिवस के मौके पर अपने संबोधन में योगा एप लॉन्च करने की घोषणा की। इस एप के जरिये दुनिया की अलग-अलग भाषाओं में योग सिखाया जाएगा

# टीकाकरण महाभियान के पहले मां पीतांबरा के दर पर शिवराज

## योग के साथ आज मध्यप्रदेश में कोरोना वैक्सीनेशन का महाभियान

**ग्वालियर, दतिया।**

प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सोमवार को कोरोना महामारी के खिलाफ चल रही जंग के खिलाफ चलाए गए प्रदेश व्यापी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ करने के लिए सोमवार सुबह दतिया पहुंचे। दतिया पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री चौहान पहले मां पीतांबरा माई के दर्शन करने के लिए पहुंचे और इसके बाद पारासरी गांव पहुंचे। जहां पर उन्होंने टीकाकरण का शुभारंभ किया। इस दौरान उनके साथ प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा भी मौजूद थे।मां पीतांबरा से की है कोरोना की तीसरी लहर से बचाने की प्रार्थना-मां पीतांबरा के दर्शन करने के बाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि उन्होंने मां पीतांबरा से प्रार्थना की कि है कि कोरोना की संभावित तीसरी लहर से दतिया का तो बचाव हो ही, साथ ही प्रदेश व देश का भी बचाव हो। सीएम चौहान ने कहा कि मां पीतामंबरा जरूर प्रार्थना सुनेंगी। कोरोना के खिलाफ टीकाकरण ही ही प्रभावी कदम - सीएम चौहान ने कहा कि कोरोना महामारी को रोकने में वैक्सीनेशन ही सबसे अधिक प्रभावी है। इसलिए सभी को टीकाकरण कराना चाहिए और टीकाकरण में सहयोग करना चाहिए। टीकाकरण में सभी के सहयोग की जरूरत है। चाहे वह आमजन हों या फिर सरकारी अफसर व कर्मचारी। आम जन से मिले हवाई पट्टी पर - दतिया हवाई पट्टी पर मुख्यमंत्री का स्वागत करने के लिए गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा सहित भाजपा नेता व कार्यकर्ता सहित आमजन भी पहुंचे। हवाई पट्टी पर वे आमजन व कार्यकर्ताओं से मिले। आमजनों का उन्होंने अभिवादन भी स्वीकार किया। इसके बाद वे पीतांबरा पीठ के लिए रवाना हो गए।



## योग और वैक्सीन दोनों जरूरी

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि योग करने से शरीर में स्फूर्ति आती है। हम 24 घंटें में से 18 घंटे तक भी बिना रुके काम कर सकते हैं। यह योगाभ्यास से संभव है। योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भाजपा के प्रदेश कार्यालय में योग किया। उनके साथ पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल से आज सारी दुनिया के लोग योगाभ्यास कर रहे हैं। योग हमारी हजारों वर्ष पुरानी विधा है। कोरोना के संदर्भ में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भी देखा गया है कि योग करने वाले लोग कोरोना से संक्रमित हुए तो वे स्वस्थ भी जल्दी हुए। सीएम ने कहा कि वर्तमान में योग और वैक्सीन दोनों जरूरी हैं। कोरोना संकट से निपटने के लिए मध्यप्रदेश महाटीकाकरण अभियान चला रहा है। आपको बता दें कि आज दुनिया में योग डे मनाया जा रहा है।



## फटाफट खबरें



### दिल्ली की जूता फैक्टरी में लगी भयंकर आग, 6 कर्मचारी लापता

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उद्योग विहार स्थित एक जूता फैक्टरी और आसपास के इलाके में उस वक्त हड़कंप मच गया जब यहां आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरी फैक्टरी को अपनी चपेट में ले लिया। घटना की सूचना तुरंत दमकल विभाग को दी गई जिसके बाद कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। फैक्टरी मालिक के अनुसार रात में फैक्टरी में रुके छह कर्मचारियों का भी कुछ पता नहीं चल रहा है, वह लापता हैं।

### फिर भड़के सिद्धू-कहा-मैं शोपीस नहीं हूं जो सिर्फ चुनाव में काम आऊं

**चंडीगढ़।** पंजाब कांग्रेस में सब कुछ सही होने के आसार नजर नहीं आ रहे। हाईकमान की हर तरह की कोशिश के बावजूद नवजोत सिद्धू अमरिंदर सिंह की प्रधानी को मानने को तैयार नहीं हैं। सोमवार को सिद्धू फिर फॉर्म में नजर आए। उन्होंने हमेशा की तरह कैप्टन अमरिंदर सिंह पर निशाना साधते हुए कहा कि मैं शोपीस नहीं हूं जो केवल चुनाव में इस्तेमाल किया जाए। वे कैप्टन-बादल के बीच सांठगांठ के अपने आरोपों पर भी कायम दिखे। इसके अलावा उन्होंने फिलहाल में दो विधायकों के बेटों को सरकारी नौकरी देने के फैसले का भी विरोध किया।

### चैंपियंस ट्रॉफी की बोली लगाएगा बीसीसीआई

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने चैंपियंस ट्रॉफी, एक टी20 वर्ल्ड कप और एक वनडे वर्ल्ड कप की मेजबानी के लिए बोली लगाने का फैसला किया है। यह फैसला बीसीसीआई की शीर्ष परिषद की वर्चुअल आपात बैठक में लिया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक, बोर्ड ने 2024 से शुरू होने वाले आठ साल के टूर्नामेंट चक्र में छोटे प्रारूपों के दो वर्ल्ड कप के अलावा तीन वैश्विक प्रतियोगिताओं की मेजबानी का दावा करने का फैसला किया है। एक अधिकारी ने ये जानकारी दी ।

### राहुल से रविशंकर बोले प्लीज वैक्सीन लगवा लें

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि देश नहीं जानता कि राहुल गांधी ने वैक्सीन लगवाई है या नहीं, अगर राहुल गांधी ने वैक्सीन नहीं लगवाई है तो प्लीज लगवा लें। वहीं आज केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गांधीनगर के कोलावड़ा गांव में वैक्सीनेशन सेंटर का जायजा लिया।

## महंगाई ने छीना निवाला, देश के कई राज्यों में हर दूसरा आदमी बेरोजगार

# भाषण से पेट नहीं भरता साहब..

**नई दिल्ली।**

योग दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश-दुनिया को योग करने का संदेश दिया। लेकिन उनका ये संदेश उन लोगों के बहुत काम का नहीं है जिनके पास इस समय कोई नौकरी नहीं है और इस बढ़ती महंगाई ने उनके मुंह का निवाला छीन लिया है। आर्थिक गतिविधियों में सुस्ती के कारण इस समय बेरोजगारी चरम पर है। देश की राजधानी दिल्ली में बेरोजगारी दर 45.6 फीसदी तक पहुंच गई है, यानि यहां का लगभग हर दूसरा आदमी बेरोजगार है। हरियाणा में बेरोजगारी दर 29.1 फीसदी, तमिलनाडु में 28 फीसदी और राजस्थान में 27.6 फीसदी हो गई है। इसका अर्थ है कि इन राज्यों में लगभग हर तीसरे व्यक्ति के पास कोई काम नहीं है।



### बेरोजगारी कितनी


सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी के आंकड़ों के अनुसार इस समय राष्ट्रीय स्तर पर बेरोजगारी दर में कुछ सुधार आया है। अब यह 10.8 फीसदी पर पहुंच गया है। मई माह के अंत में यह 11.9 फीसदी पर पहुंच गया था। शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर 12.9 फीसदी और ग्रामीण क्षेत्रों में 9.8 फीसदी तक पहुंच गई है। ज्यादा बेरोजगारी वाले राज्यों में आंध्र प्रदेश में 13.5 फीसदी, बिहार में 13.8 फीसदी, गोवा में 20.6 फीसदी, जम्मू-कश्मीर में 12.1 फीसदी, झारखंड में 16 फीसदी, केरल में 23.4 फीसदी, पुडुचेरी में 24 फीसदी, त्रिपुरा में 20 फीसदी और पश्चिम बंगाल में 19.3 फीसदी हो चुकी है।

सबसे कम बेरोजगारी वाले राज्यों में असम सबसे ऊपर है जहां केवल 0.1 फीसदी लोगों ने कहा कि उनके पास कोई रोजगार नहीं है। इसके बाद गुजरात में 2.3 फीसदी, कर्नाटक में 5.3 फीसदी, मध्यप्रदेश में 5.3 फीसदी, ओडिशा में 7 फीसदी, उत्तराखंड में 5.5 फीसदी और उत्तर प्रदेश में 6.9 फीसदी लोग बेरोजगार हैं। व्यापारिक संगठन कैट के प्रमुख सदस्य सुमित अग्रवाल ने अमर उजाला से कहा कि बाज़ार में अभी भी अनिश्चितता का माहौल है। व्यापार में ढील देने से बाज़ार खुले हैं, लोग बाज़ारों में पहुंच रहे हैं, लेकिन लोगों के हाथ में नकदी नहीं है, लिहाजा लोग खर्च करने से बच रहे हैं और बाज़ार में तेजी नहीं आ रही है।

# यूपी में धर्म परिवर्तन के बड़े रैकेट का खुलासा

## 1000 से ज्यादा हिंदुओं का धर्म बदलवाया


**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश में हिंदुओं के धर्म परिवर्तन का बड़ा मामला सामने आया है। उत्तर प्रदेश पुलिस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी। यूपी एटीएस के मुताबिक, दिल्ली से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इन लोगों ने उत्तर प्रदेश में 1000 से अधिक हिंदुओं का धर्म परिवर्तन करवाया, इनमें गरीब और पिछड़ों के साथ ही बेघर, मूक-बधिर और बेसहारा महिलाएं शामिल हैं। गाजियाबाद में दर्ज एक केस की जांच के बाद एक एक कर परते खुलती चली गईं और अब यह बड़ा खुलासा हुआ। यूपी के एडीजी (लॉ एंड ऑर्डर) प्रशांत कुमार के अनुसार, गिरफ्तार कर आरोपियों को लखनऊ लाया जा रहा है। मुख्य आरोपी ने खुद भी अपना धर्म परिवर्तन कर रखा है। यूपी एटीएस को आशंका है कि इस काम में विदेश फंडिंग भी लगी हो सकती है। प्रशांत कुमार के मुताबिक, नोएडा के एक मूक बधिर स्कूल के भी 18 बच्चों का धर्मांतरण कराया गया है। यह रैकेट दो साल से चल रहा था। लोगों को डरा धमका कर और लालच देकर धर्मांतरण करवाया जाता था। पकड़े गए दोनों आरोपियों के नाम मोहम्मद उमर गौतम और मुफ्ती काजी जहांगीर कासमी बताए गए हैं, जो दिल्ली के जामिया नगर इलाके के रह रहे थे। आशंका जताई जा रही है कि इन आरोपियों के तार देशभर में हो सकते हैं।



## सीबीएसई 12वीं के मूल्यांकन मानदंड पर अंतिम फैसला आज

**नई दिल्ली। (एजेंसी)।**


उच्चतम न्यायालय आज यानी कि 21 जून को सीबीएसई मूल्यांकन मानदंड व वैकल्पिक परीक्षा की तारीख आदि पर अंतिम फैसला करेगा। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 17 जून को बारहवीं कक्षा के रिजल्ट के लिए मूल्यांकन मानदंड जारी किए थे, जिन्हें सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार कर लिया था। बोर्ड ने बारहवीं कक्षा के रिजल्ट के लिए 30-30-40 का फार्मूला दिया था। कोर्ट ने बोर्ड से शिकायत निवारण तंत्र, वैकल्पिक परीक्षा की तारीख आदि चीजों को शामिल करने के लिए कहा था, जिसके विभिन्न पहलुओं पर कोर्ट की तरफ से आज अंतिम फैसला किया जाएगा। सर्वोच्च न्यायालय ने मूल्यांकन मानदंड पर एक विवाद समाधान समिति बनाने के लिए कहा था।



## डेल्टा प्लस वैरिएंट की वजह से चार लोगों की मौत

**भोपाल।** कोरोना की दूसरी लहर के तहत अब भले ही दैनिक मामले बहुत कम आ रहे हों लेकिन कोरोना का खतरा अभी भी बना हुआ है। हाल ही में डेल्टा वैरिएंट का एक और म्यूटेशन सामने आया है। मध्यप्रदेश के शिवपुरी में डेल्टा प्लस के वैरिएंट की वजह से चार लोगों की मौत हो गई। इन लोगों के सैंपल को जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए भेजा गया, जिसके बाद इस बात का खुलासा हुआ। इसमें हैरानी की बात यह है कि इन चारों लोगों को कोरोना की वैक्सीन लग चुकी थी। अब इनके संपर्क में आए लोगों के सैंपल लेने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची है। हालांकि सभी लोगों के स्वस्थ्य होने की वजह से किसी का सैंपल नहीं लिया गया। बता दं कि भोपाल में भी 16 जून को 65 साल की एक महिला में डेल्टा प्लस वैरिएंट मिल चुका है। डेल्टा प्लस वैरिएंट को लेकर एम्स के निदेशक गुलेरिया ने चिंता भी जताई है। सीएमएचओ डॉ. एएल शर्मा बताते हैं कि डेल्टा प्लस वैरिएंट की वजह से अजाक थाने के हवलदार प्रेमनारायण द्विवेदी, पिछोर के शिक्षक सुरेंद्र शर्मा, सॉफ्टवेयर इंजीनियर शिक्षक विनय चतुर्वेदी और सूरजपाल की अचानक तबीयक बिगड़ी और बाद में उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि चार-पांच घंटे पहले ये मरीज सामान्य हालत में थे। उन्होंने बताया कि ये वैरिएंट इसलिए घातक है क्योंकि ये तीन दिन में ही गले से फेफड़ों तक पहुंच जाता है। जबकि सामान्य वायरस को गले से फेफड़ों तक पहुंचने में सात दिन का समय लगता है।

बता दें कि डेल्टा प्लस कोरोना का सबसे खतरनाक वैरिएंट है, इसे डेल्टा-2 के नाम से जाना जाता है। अल्फा, बीटा, गामा और डेल्टा, ये चार वैरिएंट हैं, जो विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बताए हैं। इनमें सबसे खतरनाक डेल्टा वैरिएंट है, जो भारत में ही म्यूटेंट हुआ है।




## कांग्रेसी नेता सिंघवी बोले- ओम के उच्चारण से शक्तिशाली नहीं योग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

दुनिया भर में आज सातवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। इस बीच, कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी के एक ट्वीट से विवाद खड़ा हो गया है। अभिषेक मनु सिंघवी ने योग को लेकर ओम और अल्लाह का जिक्र किया, तो योगगुरु बाबा रामदेव ने उन्हें जवाब देते हुए कहा कि सबको सन्मति दे भगवान। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने ट्वीट, ओम के उच्चारण से ना तो योग ज्यादा शक्तिशाली हो जाएगा और ना अल्लाह कहने से योग की शक्ति कम होगी। सिंघवी के इस ट्वीट ने एक नई बहस छेड़ दी है। सिंघवी के ट्वीट को लेकर एक चैनल से बातचीत करते हुए योग गुरु रामदेव ने प्रतिक्रिया दी। रामदेव ने कहा कि ईश्वर-अल्लाह तेरो नाम, सबको सन्मति दे भगवान।



## आतंकी कमांडर मुदासिर और असरार का खात्मा



**श्री नगर।** कश्मीर के सोपोर में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। हाल ही में तीन पुलिसकर्मियों, दो पार्षदों और दो नागरिकों की हत्या में शामिल आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का शीर्ष आतंकी मुदासिर पंडित सोपोर मुठभेड़ में मारा गया है। मुदासिर पंडित आतंकवाद से जुड़ी अन्य घटनाओं में भी शामिल था। इस मुठभेड़ में तीन आतंकियों का सफाया हुआ है। जिसमें पाकिस्तानी आतंकी असरार उर्फ अब्दुल्ला का भी खात्मा हुआ है। अब्दुल्ला उत्तरी कश्मीर में 2018 से सक्रिय था। इस ऑपरेशन को सेना की 22-आरआर(राष्ट्रीय राइफल्स) सोपोर पुलिस और सीआरपीएफ की 179-बटालियन ने अंजाम दिया। कश्मीर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक विजय कुमार ने बताया कि मुठभेड़ कल देर रात सोपोर के गुंड ब्राठ इलाके में शुरू हुई। जिसमें तीन आतंकवादियों को मार गिराया गया, इनमें से एक विदेशी था। ये तीन आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के थे। यह पुलिस और सुरक्षा बलों के लिए एक बड़ी सफलता है। सोपोर क्षेत्र की आम जनता को आतंकवादी घटनाओं और नए युवाओं की आतंकवाद में भर्ती से राहत मिलेगी। सोपोर के गुंड ब्राठ इलाके में आतंकी गतिविधि की सूचना मिली थी। इसके आधार पर सोपोर पुलिस, सेना की 22-आरआर(राष्ट्रीय राइफल्स) और सीआरपीएफ की 179-बटालियन ने घेराबंदी कर इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया। घेरा सख्त होता देख आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी।

## ज्योतिरादित्य सिंधिया की सुरक्षा में चूक



**ग्वालियर।** राज्यसभा सदस्य ज्योतिरादित्य सिंधिया की सुरक्षा व्यवस्था में खासी चूक हुई है। मुरैना जिले से गुजरने के दौरान उन्हें मुरैना से फोलो व पायलेट वाहन मिलने थे। लेकिन किसी वजह से फॉलो वाहन काफिले में नहीं था। ऐसे में मुरैना सिविल लाइन टीआई को ही अन्य व्यवस्थाएं छोड़कर सिंधिया के काफिले का फॉलो किया। ग्वालियर के प्रशासन व पुलिस के हवाले करने के बाद ही टीआई मुरैना लौटे।

## अब मेयर के भांजे से जमीन खरीदने पर फंसा ट्रस्ट



**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से बगैर वैधानिक जांच-पड़ताल के बिचौलियों के जरिए कराई जा रहीं भूमि-भवन की रजिस्ट्रियां फंसती जा रही हैं। ताजा मामला बेहद गंभीर और चौंकाने वाला है। अयोध्या के मेयर ऋषिकेश उपाध्याय के भांजे दीप नारायण ने दशरथ महल बड़ास्थान के महंत से जो जमीन 20 लाख में खरीदकर ढाई करोड़ रुपये में ट्रस्ट को बेची थी, वह दस्तावेजों में नजूल की है। राजस्व विभाग के आला अधिकारी नियमों का हवाला देते हुए कहते हैं कि बगैर फ्रीहोल्ड कराए इस भूखंड की बिक्री अवैध होगी, तहसील से नामांतरण नहीं हो सकता। अयोध्या में सदर तहसील के ग्रामसभा कोट रामचंदर, परगना हवेली अवध की गाटा संख्या 135 रकबा 0.126 एकड़ यानि 890 वर्गमीटर भूमि नजूल दर्ज है। इसका स्वामित्व सरकार के पास है। कागजातों में सरकार बहादुर खेवट एक से महंत विश्वनाथ प्रसादाचार्य काश्तकार के रूप में दर्ज हैं। इसी भूखंड को यहां की सबसे बड़ी पीठ दशरथ महल बड़ास्थान के महंत देवेंद्र प्रसादाचार्य चेला स्व. महंत विश्वनाथ प्रसादाचार्य ने 22 फरवरी 2021 को 20 लाख में मेयर के भांजे दीप को बेची थी। दीप ने करीब ढाई माह बाद इसी जमीन को ढाई करोड़ में ट्रस्ट को बेच दिया। इधर डीएम अनुज कुमार झा, ड ने कहा कि'ट्रस्ट की भूमि खरीद-फरोख्त मामलों से मेरा कोई लेना-देना नहीं है। रजिस्ट्रीकर्ता को सच्चाई बतानी चाहिए।

## ये है म्हारी छोरियों का दम..

# हरियाणा की 16 बेटियां खेलेंगी ओलंपिक

**सोनीपत।** म्हारी छोरियां छोरों से कम हैं के... आमिर खान की फिल्म दंगल के इस संवाद ने बेटियों के प्रति समाज की सोच ही नहीं बदली बल्कि अभावों के बीच उन्हें अपनी उड़ान भरने के लिए नई आशाओं का नया आसमान भी दिखाया। इस बार हरियाणा की 16 बेटियों ने टोक्यो ओलंपिक के लिए जाने वाले भारतीय दल में जगह बनाकर अपना लोहा मनवाया है। वहीं बेटियों के मुकाबले मात्र 13 बेटे ही दल में जगह बना पाए हैं। टोक्यो ओलंपिक के लिए प्रदेश के 29 खिलाड़ी टिकट पक्का कर चुके हैं। हॉकी टीम का चयन होने से पहले तक 11 पुरुष और मात्र 7 महिला खिलाड़ियों का ओलंपिक में खेलना तय था। भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा के बाद बेटियों ने इस बार भी दल में अपना दबदबा बना लिया। प्रदेश की 16 बेटियां इस बार ओलंपिक खेलेंगी और उनके मुकाबले मात्र 13 पुरुष खिलाड़ी ही चयनित हुए हैं। पिछले ओलंपिक में भारतीय दल में हरियाणा के 19 खिलाड़ी शामिल थे। इनमें 11 बेटियां और 8 पुरुष खिलाड़ी शामिल थे। प्रदेश के आठ खिलाड़ी लगातार दूसरी बार ओलंपिक में खेलेंगे। इनमें पांच महिला और तीन पुरुष खिलाड़ी हैं। महिला खिलाड़ियों में हॉकी में रानी रामपाल, सविता पूनिया, मोनिका मलिक, नवजोत कौर और पहलवान विनेश फौगाट हैं। वहीं पुरुष खिलाड़ियों में बॉक्सिंग में विकास कृष्ण, हॉकी में सुरेंद्र कुमार, एथलेटिक्स में संदीप कुमार शामिल हैं। कुश्ती में विनेश फौगाट, अंशु मलिक, सोनम मलिक, सीमा, शूटिंग में यशस्वनी, मनु भाकर, बॉक्सिंग में पूजा, हॉकी में रानी रामपाल, सविता पूनिया, मोनिका मलिक, नवजौत कौर, नवनीत कौर, नेहा गोयल, निशा, शर्मिला, उदिता कुश्ती में बजरंग पूनिया, दीपक पूनिया, रवि दहिया, हॉकी में सुमित, सुरेंद्र कुमार, बॉक्सिंग में अमित पंघाल, विकास कृष्ण, मनीष, शूटिंग में अभिषेक, संजीव राजपूत, एथलेटिक्स में नीरज चौपड़ा, संदीप, राहुल



## बैठक से पहले चिदंबरम ने दोहराया कांग्रेस का रुख, हो पूर्ण राज्य का दर्जा



**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 24 जून को अहम बैठक बुलाई है। इस बैठक में जम्मू-कश्मीर के सभी दलों को बुलाया गया है। इससे पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने ट्वीट कर पार्टी का रुख साफ किया है। चिदंबरम ने लिखा, जम्मू-कश्मीर लोग हैं। उनके अधिकारों और इच्छाओं का सम्मान किया जाना चाहिए। कश्मीर मुद्दे के राजनीतिक समाधान के लिए शुरुआती रेखा खींचने का यही एकमात्र तरीका है। जम्मू-कश्मीर एक स्टेट था जिसने विलय के एक दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए और भारत में शामिल हो गया। इसे हमेशा के लिए उस स्थिति का आनंद लेना चाहिए। जम्मू-कश्मीर रियल एस्टेट का हिस्सा नहीं है। कांग्रेस पार्टी का स्टैंड जो कल पुनः दोहराया गया वो है कि जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल किया जाना चाहिए, इसमें किसी भी संदेह या अस्पष्टता नही रहनी चाहिए।






शुभांक - 2-3-8


जबलपुर, कटनी, भोपाल, मंडला, नरसिंहपुर, सिवनी से एक साथ प्रकाशित

## हल्दी चावल देकर किया वैक्सीन लगाने का आग्रह

# इकलौते वन ग्राम कारोपानी में जाकर दिया न्यौता





**कटनी।** वेक्सीनेशन के महा-अभियान में जिले के वन ग्राम में वन विभाग ने हल्दी चावल दे कर टीकाकरण महा अभियान के लिए लोगों को आमंत्रित किया। जिले के एक मात्र वन ग्राम कारोपानी में रविवार दोपहर वन विभाग एवं ग्राम पंचायत के द्वारा घर घर जाकर हल्दी चावल देकर ग्रामवासियों को टीकाकरण महा अभियान में शामिल करने का न्योता दिया गया। इस गांव की जनसंख्या 175 है, साथ ही 18 प्लस के 106 लोग इस ग्राम में निवासरत हैं। वन विभाग एवं पंचायत के द्वारा वन एवं पंचायत में होने वाले कामों को बंद कराकर समस्त ग्रामीणों को टीकाकरण कराने के संबंध में समझाइश दी गई है। इस दौरान डिप्टी रेंजर दिनेश पटेल पंचायत सचिव विनोद बागरी प्रदीप तिवारी पवन शर्मा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जनता को बताएं सरकार की नाकामियां



## चुनावों की तैयारियों में जुट जाएं, शहर कांग्रेस कमेटी मंडलम की बैठक

**कटनी।** जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत विगत दिवस चार मंडलम व सेक्टर कमेटियों के गठन हेतु बैठकें आयोजित की गई। बैठकों को जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष मिथलेश जैन ने संबोधित करते हुए संगठन को मजबूत बनाने हेतु अपने विचार प्रकट किए और कहा कि भारतीय जनता पार्टी की नाकामियों के कारण आगामी चुनावों में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनना सुनिश्चित है। बैठकों में इंदिरा गांधी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रमेश सोनी निवर्तमान नेता प्रतिपक्ष मौसूफ अहमद बिट्टू, शहर कांग्रेस महामंत्री गिरीश गर्ग एडवोकेट उपस्थित थे। बैठकों में केक काटकर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संसद सदस्य राहुलगांधी का जन्म दिवस भी मनाया गया। प्रथम बैठक गुरुनानक मंडलम की हुई। जिसमें श्रीमती मीनाक्षी बलबी, सुमन सैनी, अर्चना जायसवाल, सुमन रजक, ऋषभ मिश्रा, ज्योति रजक, संजय गुप्ता, अजय जयसवाल, कपिल श्रीवास्तव, सरिता, वर्षा रजक, कंचन सोनी, अनीता सोनी, मेहुल रजक, सरिता चौधरी उपस्थित थे।

दूसरी बैठक संत रविदास मंडलम की हुई। जिसमें विष्णु सोनी, अज्जू सोनी, ललित सोनी, जेके सराफ, रामस्वरूप सोनी, अनुज सोनी अंशुमान तिवारी, महेंद्र राजपूत, ओमी अहिरवार, कमलेश सेन सरमन नामदेव आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे। तीसरी बैठक महात्मा गांधी मंडलम की हुई। जिसमें राकेश जैन कक्का, शिव कुमार यादव, कुमारी मंजू निषाद, गोविंद सचदेवा, प्रभात तिवारी श्याम यादव, जितेंद्र गुप्ता, विजय मंगल चौधरी, राजेंद्र कुशवाहा, विनय गुप्ता, रवि मंगलानी, राजकुमार गुप्ता, रवि गुप्ता, राजकुमार झमनानी, विनोद डोंगरे, हरिशंकर वाजपेई, वरंदमल चंदवानी, हरनाम सुंदरानी, मनोज प्रजापति, राम प्रसाद निषाद, नीलम प्रजापति इत्यादि अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित थे। चौथी बैठक आचार्य विनोबा भावे मंडलम की बैठक आयोजित हुई, जिसको संबोधित करते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष मिथलेश जैन ने मंडलम और सेक्टर के गठन के बारे में विस्तार से अवगत कराकर कार्यकर्ताओं को संकल्प दिलाया कि आगामी चुनाव में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशियों को विजयी बनाने सभी कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ काम करेंगे। बैठक में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रमेश सोनी, पूर्व पार्षद कुमारी मंजू निषाद, हितेंद्र स्वर्णकार, पूर्व पार्षद भरत विश्वकर्मा, मोहन निषाद, पप्पू निषाद, श्रीमती अर्चना निषाद, नरेंद्र बैरागी, प्रशांत सिंनहा, अर्जित खरे, शुभम पटेल, कन्हैया निषाद, संजय साहू, गोपाल साहू, कृष्णा निषाद, छोटे लाल, गोपाल निषाद, राहुल गुप्ता, गोविंद निषाद, राजकुमार निषाद, साजिद खान, अमर निषाद, सूरज निषाद, आयुष निषाद, कन्हैया निषाद, सुरेश निषाद, लक्ष्मी प्रसाद, वीरन निषाद, लवकुश निषाद, राजू निषाद, गोविंद निषाद इत्यादि अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## व्यवस्थाओं की ली जानकारी, दिए आवश्यक निर्देश

# वेक्सीनेशन के पहले केन्द्रों में पहुंचे जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी




**कटनी।** कोरोना वेक्सीनेशन महा-अभियान के पहले सभी 128 टीकाकरण केन्द्रों में व्यवस्थाओं को लेकर रविवार को जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं आरआरटी ने अपने-अपने क्षेत्र के टीकाकरण केन्द्रों का निरीक्षण किया। मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल ने कन्हवारा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्थापित किये गये टीकाकरण केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने केन्द्र में की गई व्यवस्थाओं की जानकारी ली और व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक निर्देश भी दिये। जिला पंचायत सीईओ जगदीश चन्द्र गोमे ने ग्रामीण क्षेत्रों में वेक्सीनेशन के लिये स्थापित टीकाकरण केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान वे भानपुरकला, बम्हनी, ढीमरखेड़ा, पिपरिया शुक्ल, पौंड़ीकला, झिन्ना पिपरिया, खमतरा, भजिया, विलायतकला, बड़वारा और जुहला का विजिट किया। इस दौरान श्री गोमे ने वेक्सीनेशन के लिये केन्द्रों में व्यवस्थायें दुरुस्त रखने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व आजीविका सखियों को डोर-टू-डोर संपर्क करने के लिये निर्देशित किया। वहीं जिन व्यक्तियों का टीकाकरण होना है, आवश्यकता अनुसान उनके परिवहन की व्यवस्था सुव्यवस्थित रुप से बनाने के निर्देश दिये। श्री गोमे ने टीकाकरण स्थलों पर समुचित साफ-सफाई, मेडिकल वेस्ट के लिये डस्टबिन रखवाने के लिये निर्देशित किया। साथ ही टीकाकरण सत्र स्थलों में पेयजल की व्यवस्था के निर्देश भी दिये। बहोरीबंद एसडीएम रोहित सिसोनिया, ढीमरखेड़ा एसडीएम सपना त्रिपाठी, प्रभारी एसडीएम कटनी, बड़वारा नदीमा शीरी ने भी अपने क्षेत्रों में विजिट का स्थापित किये गये वेक्सीनेशन सेन्टर की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये। नगरीय क्षेत्र में पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव ने भी ऑडिटोरियम में स्थापित किये गये टीकाकरण केन्द्र का निरीक्षण कर व्यवस्थायें देखीं। वहीं नगर निगम आयुक्त सतेन्द्र धाकरे ने भी नगरीय क्षेत्र में स्थापित किये गये टीकाकरण केन्द्रों का निरीक्षण किया।



# विलायतखुर्द में 30 हजार पौधों का रोपण

## विधायक, एसपी, डीएफओ ने प्राकृतिक ऑक्सीजन स्त्रोत के संरक्षण का लिया संकल्प



**कटनी।** धरती का असल मायने में श्रृंगार वृक्ष हैं। वृक्ष ही प्रकृति के प्राकृतिक ऑक्सीजन सिलेण्डर हैं, जो हमेंशा हमें प्राणदायी ऑक्सीजन देते हैं। इनके संरक्षण के उद्देश्य से वन विभाग द्वारा सामान्य वन मण्डल कटनी के अंतर्गत विलायत खुर्द में 30 हजार पौधों का रोपण किया गया। यह पौधे आरडीएफ योजना के तहत रोपे गये हैं। 70 हैक्टेयर भूमि में फेन्सिंग की व्यवस्था के साथ इन पौधों की सुरक्षा का इंतजाम भी किया गया है। बड़वारा वृत्त के विलायतकला खुर्द में रविवार को क्षेत्रीय विधायक विजयराघवेन्द्र सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, जिला पंचायत की जिला वन समिति अध्यक्ष प्रगति राय, पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी, वन मण्डलाधिकारी आर.सी. विश्वकर्मा के द्वारा मिश्रित वृक्षारोपण के तहत पौधों का रोपण किया गया। रेंज ऑफीसर डॉ. गौरव सक्सेना ने जानकारी देते हुये बताया कि विलायतकला खुर्द में बिगड़े वनों का सुधार कार्यक्रम के तहत 8 से अधिक प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया है। इनमें फलदार और दुर्लभ प्रजाति के पौधे शामिल हैं। नीम, महुआ, आंवला, करंज, पीपल, हर्रा, बहेरा, चीरस सहित अन्य प्रजातियों के पौधे रोपे गये हैं। पौधारोपण कार्यक्रम में उपस्थित जनों को पौधों के संरक्षण का संकल्प भी दिलाया गया। इस दौरान स्थापित की गई सेल्फी पॉईन्ट पर पुलिस अधीक्षक सहित अन्य उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने वृक्षों के रोपण, रक्षा का संकल्प लिया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य धीरेन्द्र सिंह, एसडीओ फॉरेस्ट ओपी बघेल सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ा सकते हैं योग से





## योग दिवस के उपलक्ष में ऑनलाइन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**कटनी।** नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में 7वा अंतराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में ऑनलाइन योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।शिविर के शुभारंभ में नेहरू युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी कु. कीर्तिका कुहर ने वेबिनार में जुड़े सभी योगाचार्यों एवं युवाओं को आमंत्रित कर स्वागत किया। अमित गर्ग, योग प्रशिक्षक आयुष चिकित्सालय कटनी ने संबोधित करते हुए कहा कि योग आपके आचार व्यवहार का तरीका है। सूक्ष्म व्यायाम को बैठकर भी किया जा सकता है। उन्होंने योगासन, प्राणायम एवं योगा के अन्नआसनों के बारे में विस्तार से बताया। तत्पश्चात, लखन साहू योग प्रशिक्षक पतंजलि युवा भारत बड़वारा ने जीवन में योगा एवं व्यक्तित्व विकास पर प्रकाश डाला। डॉक्टर रोशनी दुबे ने कहा की योग से हम अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ा सकते है। सूर्यनमस्कार में 12 प्रकार के आसान बताए। उन्होंने योगा व विभिन्न आसनों को आडियो वीडियो के माध्यम से मुद्राओं को सरल तरीके से बताया। संजय कुशवाहा ने अपने संबोधन में कहा कि कोविड काल में योग का हमारे दैनिक जीवन में बहुत प्रभाव पड़ा। योग शारिरिक रूप से मजबूत करता है एवं मानसिक रूप से तैयार करता है सारी समस्याओं का समाधान योग में है। आप योग के माध्यम से अपने परिवार तथा समाज को जोड़ें। वेविनार में राम कुमार राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक ने भी अपने विचार व्यक्त किये। उन्होने कहा कि योग 5000 साल पुराना ज्ञान है। यह हमारे ऋषि मुनियों द्वारा, हजारो साल पहले उनकी तपस्या, त्याग द्वारा खोजा हुआ ज्ञान है, जिसका लाभ आज सम्पूर्ण विश्व को मिल रहा है। इस अवसर में विकासखंड बहोरीबंद, बड़वारा, ढीमरखेड़ा, कटनी, रीठी, एवं विजयराघवगढ़ से राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक नरेंद्र कुशवाहा, शुभम श्रीवास, कमलेश कुमार, सतीश साहु, महक बड़गैयां, विवेक गौतम, आदित्य दुबे, सोनाली ताम्रकार अंकित सोनी, अशोक चौहान, साक्षी सोनिया, रामकुमार विभिन्न युवा मंडलों, महिला मंडलों के सदस्य गण, पूर्वराष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक पंकज नामदेव, विकास यादव, धीरेन्द्र द्विवेदी आदि का वेबिनार को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग रहा। वेबिनार का सुव्यवास्थित संचालन कुमारी तृप्ति जैन राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक ने किया। अंत में वेबनार से जुड़े सभी योगाचार्यों, अतिथियों, राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों, युवा मंडल के सदस्य गणो के प्रति नेहरू युवा केन्द्र कटनी के लेखा, कार्यक्रम पर्यवेक्षक राजकुमार अग्रवाल ने सभी के प्रति हार्दिक आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

# स्वसहायता समूहों की महिलाओं ने किया प्रेरित




**कटनी।** कोरोना वेक्सीनेशन महा-अभियान के तहत 128 टीकाकरण केन्द्रों में कोविड का टीका लगाया जायेगा। अधिक से अधिक जिलेवासी अपना वेक्सीनेशन करायें, इसके मद्देनजर स्वसहायता समूहों की सदस्यों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार का कार्य किया जा रहा है। परंपरागत तरीकों से स्थानीय भाषा के लोकगीतों के माध्यम से स्वसहायता समूहों की बहनें, विजयराघवगढ़, बड़वारा, ढीमरखेड़ा, रीठी, बहोरीबंद और कटनी विकासखण्ड के ग्रामों में टीकाकरण के प्रति लोगों को प्रेरित कर रही हैं। स्वसहायता समूहों की सदस्यों द्वारा घर-घर जाकर टीकाकरण कराने के लिये पीले चावल देकर आमंत्रण भी दिया जा रहा है। वहीं जागरुकता फेरी के माध्यम से भी ग्रामीणों को समूह की महिलाओं के द्वारा प्रेरित किया जा रहा है।

श्रीराम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
आदर्श कॉलोनी, मेन रोड, नई बस्ती, कटनी 483501 (म.प्र.)
फोन : 07622-408444, 409444 मोबा. 8982275111, 8982275222, 8982275333

प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ.बलदेव सिंह
MD (GENERAL MEDICINE) फैमली फिजीशियन
पूर्व चिकित्सक अपोलो हॉस्पिटल
हृदय, छाती, गुर्दा एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ

प्रतिदिन उपलब्ध
डॉ. गगन सोनी
BDS डेंटल सर्जन
कटनी के सुप्रसिद्ध
दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ

डॉ. अनुराग खरे | डॉ. कनिका अग्रवाल | डॉ. जाकिर हुसैन | डॉ. अनिमेश गुप्ता

उपलब्ध विभाग
- मेडीसिन विभाग
- हृदय रोग विभाग
- स्त्री एवं प्रसूति विभाग
- दंत रोग विभाग
- हड्डी रोग विभाग
- त्वचा एवं सौंदर्य विभाग
- शिशु रोग विभाग
- मस्तिष्क रोग विभाग
- ट्रामा विभाग
- कैंसर विभाग
- फिजियोथेरेपी विभाग
- प्लास्टिक एंड कॉस्मेटिक सर्जरी

हेल्पलाईन नं.8982275111

उपलब्ध सुविधायें
- नार्मल डिलेवरी
- सीजेरियन डिलेवरी
- लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- जनरल सर्जरी
- आई.सी.यू. वार्ड
- सेमी. प्रायवेट वार्ड
- जनरल वार्ड
- मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर
- हेयर ट्रांसप्लांट

सभी प्रकार की सर्जरी एवं भर्ती की सुविधा उपलब्ध
भर्ती मरीजों के लिए निःशुल्क भोजन की व्यवस्था

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, सोमवार, 21 जून 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

# अनलाक में ट्रेनों के शुरू होते ही यात्रियों को राहत

### एक्सप्रेस व सुपरफास्ट ट्रेनों का अब भी स्पेशल ट्रेनों के रूप में हो रहा परिचालन



**कटनी।** कोरोना संक्रमण के घटते मामलों के बीच रेलवे ने ट्रेनों का संचालन पूरी रफ्तार से चलाना शुरू कर दिया है। इसका फायदा यात्रियों को मिलने लगा है। जो ट्रेनें पिछले तीन से चार माह से बंद थी वो अब फिर पटरी पर आ गई हैं। पश्चिम मध्य रेलवे की सीमा में आने वाले जबलपुर, भोपाल और कोटा रेल मंडल में 1 जून से अब तक कुल 28 ट्रेनों का संचालन शुरू हो गया है। इतना ही नहीं जबलपुर से भी बंद ट्रेनों का संचालन शुरू कर दिया है। हालांकि यात्रियों को अभी तक वो सुविधा नहीं मिली है जो कोरोना संक्रमण के पहले मिलती थीं। रेलवे का कहना है कि इन सुविधाओं को स्पेशल ट्रेन को नियमित करते ही शुरू कर देगा।

### ट्रेनों में बढ़ी प्रतीक्षा सूची

अनलाक में यात्री ट्रेनों में सफर करना शुरू कर दिए हैं। जबलपुर मंडल से ही चलने वाली ट्रेनों की स्थिति यह है कि कई ट्रेनों में लंबी वेटिंग लग चुकी है। पमरे को इन ट्रेनों में यात्रियों को आरक्षित सीट देने के लिए अतिरिक्त कोच लगाना पड़ रहा है। जबलपुर से चलने वाली गरीब रथ से लेकर जबलपुर-हावड़ा शक्तिपुंज एक्सप्रेस, रीवा-इतवारी एक्सप्रेस, जबलपुर-बांद्रा स्पेशल और जबलपुर-कोयम्बटूर स्पेशल में अतिरिक्त कोच लगाने पड़े।

### लंबी दूरी की ट्रेनों में ज्यादा भीड़

11 से 17 जून के बीच न सिर्फ सामान्य यात्री बल्कि अब प्रवासी कामगार की भी संख्या ट्रेनों में बढ़ रही है। यह फिर काम पर लौटने लगे हैं। इन सात दिनों में पमरे समेत सभी जोन में लगभग 32.56 लाख यात्रियों ने लंबी दूरी की मेल एक्सप्रेस ट्रेनों के द्वारा उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और मध्य प्रदेश जैसे क्षेत्रों से मुंबई, पुणे, सूरत, अहमदाबाद और हैदराबाद जैसे क्षेत्रों के लिए यात्रा की है।

### इन रूट पर चलने लगी ट्रेनें

रेलवे के द्वारा गोरखपुर-मुंबई, भागलपुर-मुंबई, दानापुर-पुणे, बरौनी-अहमदाबाद, समस्तीपुर-मुंबई, दानापुर-सिकंदराबाद, रक्सौल-सिकंदराबाद, पाटलिपुत्र-बंगलुरू, छपरा-मुंबई, गुवाहाटी-बंगलुरू, गोरखपुर-हैदराबाद रूट पर ट्रेनों का परिचालन शुरू कर दिया गया है।



## कोरोना गाइड लाइन की अनदेखी पड़ सकती है भारी

### तीसरी आंख से पहरेदारी कर रही पुलिस

**कटनी।** शासन व प्रशासन के द्वारा लोगों को बार-बार यह चेतावनी दी जा रही है कि कोरोना संक्रमण की गति धीमी पड़ी है लेकिन कोरोना अभी गया नहीं है। इसके बावजूद ज्यादातर लोगों पर इस संदेश का खास असर नहीं हो रहा। ऐसे में अब पुलिस ने जिले में ऐसे लोगों के विरुद्ध अभियान छेड़ रखा है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी की ओर से सभी थानों को सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक की ओर से जारी आदेश में साफतौर पर कहा गया है कि अनलॉक के दौरान बेफिक्र हो कर घूमने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इतना ही नहीं ऐसे बेफिक्र लोगों पर खुफिया निगाह भी रखी जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने यातायात प्रभारी को निर्देशित किया कि शहर में बिना मास्क घूमने वालों पर कैमरे के मध्यम से निगरानी रखते हुए सख्त कार्रवाई की जाए। आदेश के पालन में शहर में बिना मास्क घूमने वाले वाहन चालकों को कटनी कंट्रोल रूम की तीसरी आंख यानी सीसीटीवी कैमरे से चिन्हित किया गया था। उन पर आपदा प्रबंधन की विभिन्न धाराओं में चालान कर नोटिस भेजा गया। नियत समय पर नोटिस का चालान ना भरने पर न्यायालय का समन भी भेजा जा सकता है। कटनी यातायात प्रभारी विनोद दुबे ने बताया है कि पुलिस अधीक्षक के आदेश पर शहर में प्रतिदिन ऐसे वाहन चालकों पर निगाह रखी जाएगी तथा किसी भी परिस्थिति में उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।



## समय निकालकर योगा करें और स्वस्थ रहें

**कटनी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश अध्यक्ष सांसद विष्णु दत्त शर्मा व मंडल अध्यक्ष अभिषेक ताम्रकार के निर्देशानुसार आज योग दिवस के शुभ अवसर पर गाटर घाट राम मंदिर में योग गुरु रामहित सोनी, एवं राकेश सोनी के नेतृत्व में पूर्व शिक्षा राज्य मंत्री अल्का जैन, सुरेश सोनी, अभिषेक गुप्ता, सर्वेश तिवारी, शेलेन्द्र चमपुरिया, संतोष पटेल, अनुराग त्रिसोरिया, सचिन बहरे, सुरेश साह, करण रैदास, पंकज त्रिसोलिया, मनीष त्रिसोलिया, अमित गुप्ता, भावेश रजक, मनीष जसूजा द्वारा योगासन किया गया और यही संदेश दिया गया की सभी लोग कुछ समय निकालकर योगा करें जिससे वह स्वस्थ रहें।

## प्रोटोकॉल के अनुसार किया योग्याभ्यास





**कटनी।** विश्व योग दिवस पर ओम योग केंद्र के सदस्यों ने मध्यप्रदेश शासन आयुष मंतालय व केंद्र सरकार के दिशा निर्देश प्रोटोकॉल के अनुसार योग्याभ्यास किया। जिसमें संस्था सदस्य अध्यक्ष हीरामणि बरसैन्या, विधि तीर्थानि, श्रीनिवास गुप्ता, संजय चौदह, विवेक सराफ, सुधा सराफ, शशि दुबे, आकांछा बरसैन्या, पारस बरसैन्या, पारुल गुप्ता, राजन गौतम नारायण दास गुप्ता, राम गुप्ता, बाल किशन निषाद, राजू पांडे, नीतू गुप्ता, सचिन आदि की उपस्थिति रही।

## ठेका श्रमिकों से मुनाफा कमाने पर जोर



### बिजली कंपनी सुरक्षा पर नहीं कर रही गौर,बिना सुरक्षा उपकरण काम करने से हादसों को न्यौता

**कटनी।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में ठेका प्रथा के आगे श्रमिकों की स्थिति चिंताजनक हो रही है। न्यूनतम वेतन में उनसे काम पूरा कराया जा रहा है लेकिन सुरक्षा पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसी ढेरों शिकायत मिल रही है। जिसमें बिना सुरक्षा उपकरण दिए ही मजदूरों से काम लिया जा रहा है। इधर ठेका कंपनी का दावा है कि उनके टेंडर की शर्त में सुरक्षा उपकरण देने का प्रावधान नहीं है, ये काम बिजली कंपनी को अपने स्तर पर करना है। बहरहाल उपकरण सभी को देना है लेकिन काम करने वालों के हाथों में सुरक्षा उपकरण नहीं होने से कभी भी हादसा हो सकता है।

### ठेका श्रमिकों को नहीं दिए सुरक्षा उपकरण

कंपनी के द्वारा शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में अधिकांश काम ठेका श्रमिकों से कराया जा रहा है। ठेका श्रमिकों का कहना है कि उनकों ड्रेस, परिचय पत्र दिया गया है लेकिन सुरक्षा उपकरण जैसे ग्ल्ब्ज, हेलमेट और रस्सी समेत कई अन्य उपकरण नहीं दिए गए है। उधर ठेका कंपनी का कहना है कि कंपनी के नियमों के मुताबिक ठेका कार्य किया जा रहा है। कार्य के लिए सुरक्षा उपकरण देने का जिम्मा बिजली कंपनी का है उसी के द्वारा ये कर्मचारियों को उपलब्ध कराया जाना है। इधर मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि सुरक्षा उपकरण के बिना कार्य करना गलत है। उनके अनुसार ठेका कर्मियों ने बंद लाइन पर कार्य लिया जाता है। उस वक्त भी सुरक्षा उपकरण पहनना अनिवार्य है।

## रविवार को जनता कर्फ्यू का रहा असर



### सड़के रही सूनी, जनता ने किया सहयोग, अलर्ट रही पुलिस

**कटनी।** सोमवार से शनिवार तक सड़कों पर उमड़ी भीड़ के बाद रविवार को शहर में पूरी तरह सन्नाटा छाया रहा। कोरोना संक्रमण की चेन तोड़ने के लिए सप्ताह में एक दिन रविवार को लगाए गए जनता कर्फ्यू में लोगों ने भी सहयोग किया और घरों पर ही कैद रहे। वहीं पुलिस भी मुख्य चौराहों पर चेकिंग करती रहीं और जो बिना कारण घूमते मिले उनपर कार्रवाई की।

### लापरवाही पर कटे चालान

पुलिस ने शनिवार से रविवार तक बिना मास्क के घूमने और दूरी का पालन नहीं करने वाले लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई भी की। इनसे हजारों रुपये समन शुल्क वसूल किया गया। चालान की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। वहीं लोगों को जागरूक करने के लिए पुलिस अभियान भी चला रही है ताकि वह कोरोना गार्डड लाइन का पालन करें।

### एसपी ने की अपील

पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने जनता से अपील की है कि वर्तमान समय को देखते हुए कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए सावधानी बरतना आवश्यक है। कोरोना संक्रमण की चेन को तोडने के लिए हर व्यक्ति का यह विशेष दायित्व है कि कोरोना गाईड लाइन का सख्ती से पालन करें। यदि जरूरी कार्य हो तब ही घरों से बाहर निकले। बच्चों और बुजुर्गो को अनावश्यक घर से बाहर न जाने दें। जब भी घर से बाहर निकलें मास्क जरूर लगाए और निर्धारित दूरी का पालन करें भीड़ का हिस्सा नहीं बने। तबीयत बिगड़ने पर फीवर क्लीनिक में जाकर जांच कराएं। ताकि आप सुरिक्षत रहे और दूसरे को भी सुरिक्षत रखे।

### सुबह से अनाउंसमेंट करती रही पुलिस

पुलिस के वाहन सुबह से ही लगातार सड़कों में घूमते हुए अनाउंसमेंट करते रहे। डेयरी, सब्जी और अन्य आवश्यक सामान की दुकानों को निर्धारित समय पर बंद करने के लिए कहा। इसके अलावा जनता को भी दूरी का पालन करते हुए सामान खरीदने के लिए अनाउंसमेंट होता रहा।

## रक्तदान




विश्व रक्तदान दिवस पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मिलन ब्लड डोनर सोसायटी, कटनी ब्लड डोनर्स एंड वेलफेयर सोसायटी के सदस्यों आकाश सोनी सहित अन्य ने रक्तदान किया।

## शिक्षा बचाओ मंच करा रहा प्रदेश व्यापी अभिभावक अभिमत सर्वे

### शासन द्वारा उड़ाई जा रही हाईकोर्ट के आदेश की धज्जियां

**कटनी।** करोना काल में सर्वाधिक प्रभावित गरीब, ग्रामीण एवं वंचित परिवार एवं उन परिवारों में त्रासदी का शिकार बच्चें हुऐ है। इसकी सीधी गाज प्रदेश के अशासकीय विद्यालयों के 40 लाख बच्चों पर गिरी है। जो पिछले 15 माह से इन प्राईवेट स्कूलों के खोले जाने की गाईड लाइन का इन्तजार कर रहे है। उसमें भी सर्वाधिक प्रभावित इन प्राईवेट स्कूलों में अनिवार्य एवं नि:शुल्क शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के अर्न्तगत रजिस्टर्ड 7.73 लाख अनुसूचित जाति, जनजाति, धुमन्तु, वंचित परिवारों के बच्चे एवं विकलांग बच्चे हैं। जहॉ एक ओर शासकीय स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चें मोहल्ला कक्षाओं के माध्यम से अपना अध्ययन का क्रम बनाऐ हुऐ है साथ ही नऐ सत्र में नि:शुल्क पुस्तकें एवं मध्यान्ह भोजन के पैसे प्राप्त कर रहें है वहीं प्राईवेट स्कूलों में रजिस्टर्ड इन बी.पी.एल के बच्चों का शैक्षिणक भविष्य शासकीय दिशा निर्देशों के अभाव में चौपट हो चुका है। इस आशय की सूचना शिक्षा बचाओ मंच के संयोजक धमेन्दऊशर्मा (सागर), नमन जैन (जबलपुर), जुगल उपाध्याय (सागर) द्वारा दी गई। एक सर्वे के अनुसार प्रदेश के 65 : स्कूली बच्चें साधनों के अभाव में आनलाईन शिक्षण से वंचित है जिसमें एक बड़ा समूह ग्रामीण, गरीब एवं वंचित परिवारों के बच्चों का है। प्रश्न उठता है क्या जनरल प्रमोशन उनके ज्ञान में अभिवृद्धि कर पाएगा। अर्न्तराष्ट्रीय श्रम संगठन (आई.एल.ओ) एवं यूनिसेफ ने बच्चों की स्थिति को लेकर गहन चिन्ता जताई है। कोविड लाकडाऊन के चलते उपजे आर्थिक संकट, बेरोजगारी, पलायन एवं स्कूल बन्दी आदि से बाल श्रम, बच्चों से संबंधित अपराधो, बाल विवाह एवं बच्चों की ट्रेफिकिंग में भारी इजाफ होगा। स्कूल बन्दी से उपजे शून्य के चलते शिक्षा से विमुख बच्चें बाल श्रमिक के रुप में समाज में आ चुके है। शिक्षा बचाओं मंच इस स्कूलबंदी से उपजी विभिन्न समस्याओं के संबंध में हितग्राहीयों से इस माह सीधा सर्वे करा रहा है। यह सर्वे एक प्रश्नावली के माध्यम से किया जा रहा है जिसमें कोरोनाकाल में बच्चों की आनलाईन पढ़ाई की स्वीकार्यता, व्यापकता, प्रभावशीलता खर्चे एवं लाभ हानि के साथ साथ आगामी सत्र की पढ़ाई के तौर तरीको पर अभिभावकों का अभिमत लिया जा रहा है। अशासकीय विद्यालय परिवार के प्रदेश अध्यक्ष मोहन नागवानी, प्रवक्ता जुगल किशोर एवं आशीष नामदेव के अनुसार प्राईवेट शालाओं को उचित शासकीय मार्गदर्शन के अभाव मे पारित हाईकोर्ट के मार्गदर्शन संबंधी आदेश विगत 7 माह से आज दिनांक तक अमली जामा नही पहनाऐ जा सकने के कारण अवमानना की स्थिति को प्राप्त हो चुके है। ऐसे में नवीन शिक्षण सत्र गरीब, ग्रामीण एवं वंचित परिवारों के बच्चों के लिए फिर विगत शिक्षण सत्र की पुनरावृति की राह पर चलता प्रतीत हो रहा हैं। इससे होने वाला नुकसान देश, दुनिया एवं समाज को कालान्तर में होने वाले एक अनदेखे अपूर्णिय क्षति की ओर ले जा रहा हैं। बच्चों के शैक्षिणक हत्या को तत्काल प्रभाव से रोकने के लिऐ अशासकीय विद्यालय परिवार हाईकोर्ट की शरण के साथ साथ सदस्य शालाओं द्वारा इन बी.पी.एल के बच्चों के शिक्षण हेतु आगामी 1 जुलाई से अभिभावक सहमति के साथ स्कूल खोले जा रहे है एवं तत्संबंध में शासन को विभिन्न स्तरों पर सूचित कर दिया गया है।

## योग मन को परिष्कृत करने की अंगीठी





### गायत्री योगानुसंधान केंद्र सदस्यों ने मनाया विश्व योग दिवस

**कटनी।** विश्व योग दिवस पर गायत्री योगानुसंधान केंद्र सुक्खन उस्ताद अखाड़ा के सदस्यों ने कोविड के नियमों का अनुपालन करते हुये गोपाल बाग पहरूआ की प्राकृतिक वादियों में योग करते हुये इसे घूमधाम से आयोजित किया। इस अवसर पर रामरतन पायल जी ने गायत्री माता का पूजन कर योग का आगज करते हुये समस्त सदस्यों को विश्व योग दिवस की बधाई देते हुये बताया कि योग के परचम को विश्व के प्राचीर पर फैहरते हुये माननीय प्रधानमंत्री जी ने भारत के विश्व गुरु होने की कहावत को न केवल चरितार्थ किया है अपितु जन समुदाय को स्वस्थ रहने की प्रेरणा भी दी है। प्रणायाम वह अंगीठी है जिस पर मन को परिष्कृत कर कंचन बनाया जा सकता है। योगियों ने शरीर को स्वस्थ रखने हेतु आसन एवं सूक्ष्म यौगिक क्रियाओ का भी अभ्यास किया। योग शिक्षकों ने योग की बारिकियों से जन समुदाय को परिचित करवाते हुये सभी योगियों के टीकाकरण पूर्ण होने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुये कहा कि वे अपने जानने वालो को टीकाकरण के लिए प्रेरित कर केंद्र तक पहुचाने का पुनीत कार्य करे। योग केन्द्र अध्यक्ष मनोज नौगरहिया ने सभी से प्रतिदिन योग करने का आग्रह किया। कार्यक्रम का सफ्ल संचालन पं अनिल कुमार गर्ग ने किया। सभी गणमान्य सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुये सचिव आनंद सुहाने ने कहा कि कोरोना काल मे योग के महत्व को मेडिकल क्षेत्र ने भी पहचाना है इसमें कोई दो राय नहीं है। इस अवसर पर महिला मंडल से श्रीमति गुलाब देवी सोनी की विशेष उपस्थिति थी पुन्नु लाल नामदेव, झग्गू सोनी, जितेंद्र शर्मा, केदार प्रसाद सुहाने, पी एन सोनी, अजय बर्मन आदि की की गरिमा मयी उपस्थिति थी।

mgm HOSPITAL

**एम.जी.एम. हास्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर**

त्वचा, गुप्त एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ

**डॉ. हितेश लोकवानी**
एम.बी.बी.एस., एम.डी.
डरमेटोलॉजिस्ट एवं कॉस्मेटोलोजिस्ट
(दिनांक 23/06/2021 दिन बुधवार समय प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक)

**उपलब्ध उपचार**

कील एवं मुहासों का इलाज, गंजेपन का इलाज, सोरायसिस का इलाज, मस्से एवं तिल का इलाज, काले दाग एवं सफेद दाग का इलाज, स्किन ग्लो एवं झाईयों का इलाज, बालों के झड़ने का इलाज (पुरूष/महिला), अनचाहे बाल लेजर से हटाना (शरीर के किसी भी अंग से), बाली से कटा कान जोड़ना बिना टांके, बिना पट्टी मशीन द्वारा जोड़ना।

माह के दूसरे एवं चौथे बुधवार को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध रहते है।

नोट- असुविधा से बचने के लिए रजिस्ट्रेशन अवश्य करायें।
पता- एम.जी.एम. हास्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर फॉरेस्टर प्लेग्राउंड के पास कचहरी चौक, कटनी, फोन- 07622-405070,71,72

## जिले में 106.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज




**कटनी।** जिले में 1 जून से 20 जून 2021 तक 106.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। गतवर्ष इस अवधि में 70.1 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। गौरतलब है कि जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1124.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 जून से 20 जून 2021 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र कटनी में 49.2 मिलीमीटर, रीठी में 66.7, बड़वारा में 95.0, बरही में 259.0, विजयराघवगढ़ में 166.0, बहोरीबंद में 88.6, स्लीमनाबाद में 77.0 और वर्षामापी केन्द्र ढीमरखेड़ा 54.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में बीते 24 घंटे में जिले की तहसीलों के वर्षामापी केन्द्रों मे औसतन 4.9 मिमी वास्तविक वर्षा दर्ज हुई। जिसमें तहसीलवार 20 जून को हुई वास्तविक वर्षा के अनुसार रीठी और ढीमरखेड़ा तहसील में निरंक वर्षा दर्ज हुई है। वहीं कटनी में 34., बड़वारा में 30.0, बरही में 3.0, वियराघवगढ़ में 0.7, बहोरीबंद में 1.1, स्लीमनाबाद में 1.0 मिली मीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई है।

**किराये से देना है**

**सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति**
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

# बूथों पर वैक्सीनेशन: हर तरफ चुनाव जैसा नजारा

## महा-अभियान को लेकर लोगों में खासा उत्साह, 128 केन्द्रों में सुबह से ही वैक्सीन लगवाने उमड़े लोग




कटनी। कोरोना महामारी से बचाव के लिए पूरे प्रदेश के साथ ही कटनी जिले में भी आज से कोरोना वैक्सीन महा-अभियान की शुरूआत हुई। महा-अभियान को लेकर जिले में खासा उत्साह देखा गया। वैक्सीन लगवाने के लिए सुबह से ही कन्द्रो में बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे थे। कई केन्द्रों में लोगों की कतार भी देखी गई। भीषण गर्मी और उमस के बावजूद लोगों में वैक्सीन लगवाने के लिए गजब का उत्साह देखा गया। जिला चिकित्सालय के साथ ही पुरानी कचहरी परिसर और केसीएस स्कूल में बनाए गए टीकाकरण केन्द्रों को गुब्बारों से सजाया गया था। यहां रंगोली भी बनाई गई थी। वैक्सीन लगवाने के लिए लोगों को प्रेरित किया जा रहा था। इसकी जिम्मेदारी प्रेरकों को सौंपी गई थी। प्रेरकों ने शहर से लेकर गांव-गांव तक लोगों को टीका लगवाने के लिए प्रेरित किया। यही कारण था कि सुबह के पहले घंटे 2138 लोगों ने टीका लगवा लिया था। विदित हो कि वैक्सीन महा-अभियान के अंतर्गत जिले में 128 केन्द्र बनाए गए थे, जहां कोवीशील्ड और को-वैक्सीन की पहली और दूरी डोज लगाई जा रही थी। शहर के साथ ही ग्रामीण अंचल क्षेत्रों में भी अभियान को लेकर लोगों में उत्साह देखा गया।





### ऑडिटोरियम, साधूराम एवं केसीएस स्कूल आदर्श टीकाकरण केन्द्र

जिले में आज कोविड वेक्सीनेशन महा-अभियान के अंतर्गत टीकाकरण किया गया। इसी क्रम में नगर निगम क्षेत्र में चिन्हित किये गये 57 टीकाकरण केन्द्रों में से तीन स्थानों पर आदर्श टीकाकरण केन्द्र बनाये गये। जिसमे बस स्टेण्ड ऑडिटोरियम, साधूराम स्कूल एवं केसीएस स्कूल शामिल रहे। इन केन्द्रों पर सम्पूर्ण व्यवस्थाओं के लिये नगर निगम आयुक्त सतेन्द्र धाकरे ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई। बस स्टेण्ड ऑडिटोरियम में उपयंत्री जेपी सिंह बघेल, साधूराम स्कूल में उपयंत्री संजय मिश्रा और केसीएस स्कूल में प्रभारी राजस्व उपनिरीक्षक मुकेश राजपूत प्रभारी अधिकारी के रूप में उपस्थित होकर पूरे समय व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे।

### हितग्राहियों का हुआ ऑनसाईट पंजीयन

जिले में वेक्सीनेशन के लिए 128 टीकाकरण केन्द्र बनाये गये थे। कटनी शहरी क्षेत्र के लिये 57 और ग्रामीण क्षेत्र के लिए 71 केन्द्र शामिल थे। इन केन्द्रों पर ऑनसाईट पंजीयन के माध्यम से सुगमता से हितग्राहियों का टीकाकरण किया गया। टीके की डोज लेने के लिए आधार कार्ड लेकर आने के लिए कहा गया था।

### वेक्सीनेशन के साथ सेम्पलिंग



पुरानी कचहरी परिसर में वेक्सीनेशन के साथ ही कोरोना सेम्पलिंग भी की गई।

### इनका कहना है

राज्य सरकार की ओर से कटनी जिले को आज 15 हजार डोज लगाने का लक्ष्य दिया गया है लेकिन लोगों के उत्साह को देखते हुए आज 20 हजार डोज लगाई जाएगी। कल मंगलवार को नियमित टीकाकरण की वजह से वैक्सीनेशन बंद रहेगा लेकिन बुधवार से पुनः टीकाकरण शुरू किया जाएगा, जो कि रविवार को भी होगा। राज्य सरकार द्वारा वैक्सीन की लगातार आपूर्ति की जा रही है। जिले में 128 केन्द्र बनाए गए हैं, जहां प्रत्येक मंगलवार को छोड़कर 21 से 30 जून तक टीकाकरण किया जाएगा।

**-डॉ. समीर सिंघई, जिला टीकाकरण अधिकारी**

## निरीक्षण के लिए कलेक्टर पहुंचे तो हो गई बिजली गुल



आज 21 जून से शुरू हुए कोरोना वेक्सीनेशन महा-अभियान की व्यवस्थाओं का जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा सुबह से ही जायजा लिया जा रहा था। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा सुबह करीब 11 बजे पुरानी कचहरी परिसर में बनाए गए टीकाकरण केन्द्र निरीक्षण के लिए पहुंचे तो यहां अचानक बिजली गुल हो गई। बताया जाता है कि कलेक्टर श्री मिश्रा व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधीनस्थ अमले को निर्देश दे ही रहे थे कि केन्द्र में बिजली चली गई। बिजली बंद होने के चलते काफी देर तक वेक्सीनेशन अवरूद्ध रहा। कलेक्टर के जाने के बाद जब बिजली आपूर्ति शुरू हुई, तब टीकाकरण शुरू हुआ।

### शहर के सभी वार्डों में हुआ टीकाकरण



नगर निगम सीमा क्षेत्र में आने वाले सभी 45 वार्डों में 57 टीकाकरण केन्द्र बनाए गए थे, जहां आज सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक टीकाकरण आयोजित किया गया। जिसमे कृषि उपज मंडी पहरूआ, शासकीय प्राथमिक शाला पुरैनी, शासकीय प्राथमिक शाला पहरूवा, विजिडम इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग पहरूआ, शासकीय प्राथमिक शाला नदीपार, बसस्टेंड ऑडिटोरियम, संजीवनी क्लीनिक कुशवाहा नगर, चांडक हॉस्पिटल, धन्तीबाई स्कूल, तिलक राष्ट्रीय स्कूल, गहोई धर्मशाला, कनकने स्कूल, मां दुर्गा हॉस्पिटल आदर्श कॉलोनी, धर्मलोक हॉस्पिटल, सिंधी स्कूल, केडीसी सेवाभारती सरस्वती स्कूल, पशु चिकित्सालय, शास. प्राथमिक शाला वेंकट वार्ड, एएसएम स्कूल रबर फैक्ट्री, नगर निगम जोन कार्यालय खिरहनी, एचडी मेमोरियाल स्कूल, तिलक कॉलेज, रेलवे हॉस्पिटल एनकेजे, छात्र संग्राम परिषद स्कूल, गुलाबचंद स्कूल, यशोदा बाई पुत्री शाला हीरागंज, गुरूनानक स्कूल बरही रोड, दिगम्बर जैन धर्मशाला, सिंधु भवन, साधूराम स्कूल, शासकीय प्राथमिक शाला रघुनाथगंज, शासकीय पुरवार कन्या शाला सिविल लाईन, एम.जी.एम हास्पिटल, नालंदा स्कूल, सेंटपाल स्कूल, पुरानी कचहरी, जिला चिकित्सालय, केसीएस स्कूल, पुष्पाजंली नर्सिंग होम, श्री हॉस्पिटल बरगवां, जीजी नर्सिंग होम बरगवां, रसकला संगीत कॉलेज, ऑडिनेंस हॉस्पिटल, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लखेरा, एसीसी हॉस्पिटल, झूलेलाल मंदिर माधवनगर, बाबा माधवशाह हॉस्पिटल, मां लक्ष्मी हॉस्पिटल दुगाड़ी नाला, उत्कृष्ट विद्यालय माधवनगर, शास. प्राथमिक शाला कैरिन लाईन, पंजाबी धर्मशाला माधवनगर, शास. प्राथमिक शाला खैवर लाईन, शास. प्राथमिक शाला रावर्ट लाईन, शिकागो पब्लिक स्कूल, शास. प्राथमिक शाला अमकुही, लाईम सिटी स्कूल झिंझरी शामिल है।

### ढीमरखेड़ा के वनग्राम कारोपानी में भी दिखा उत्साह

जिले की ढीमरखेड़ा तहसील में 14 केन्द्र बनाए गए थे, जहां वैक्सीन लगाई गई। इसमे वन ग्राम कारोपानी भी शामिल है, यहां सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग वैक्सीन लगवाने के लिए पहुंचे। एक दिन पूर्व ही इस ग्राम को टीकाकरण केन्द्रों के लिए चिन्हित किया गया था। अधिकारियों के साथ ही वन विभाग की टीम ने यहां पहुंचकर लोगों को वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया था। इसके अलावा सरस्वती शिशु मंदिर उमरियापान, शास. माध्यमिक शाला ढीमरखेड़ा, शासकीय माध्यमिक शाला दशरमन, शासकीय कन्या शाला सिलौंड़ी, शासकीय माध्यमिक शाला खमतरा, शासकीय माध्यमिक शाला भनपुराकलां, शासकीय माध्यमिक शाला शुक्ल पिपरिया, शासकीय माध्यमिक शाला कटरिया, शासकीय माध्यमिक शाला झिन्ना पिपरिया, शासकीय माध्यमिक शाला मुरवारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र धरवारा उमरियापान, शासकीय प्राथमिक शाला कारोपानी, शासकीय माध्यमिक शाला पोंड़ी कला एवं शासकीय माध्यमिक शाला बम्हनी को भी टीकाकरण केन्द्र बनाया गया था।

## कन्हवारा में 13 और रीठी तहसील में बनाए 12 केन्द्र

कन्हवारा में 13 और रीठी तहसील के अंतर्गत 12 केन्द्र बनाए गए थे, जहां लोगों ने वैक्सीन लगवाई। इसमे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कन्हवारा, पहाड़ी पंचायत भवन, इमलिया पंचायत भवन, गुलवारा पंचायत भवन, घंघरीखुर्द पंचायत भवन, जरवाही पंचायत भवन, बड़ेरा पंचायत भवन, पड़रिया पंचायत भवन, बिस्तरा पंचायत भवन, जुहला पंचायत भवन, शासकीय कन्या शाला भवन हीरापुर कौड़िया, प्राथमिक शाला भवन हिरवारा, पंचायत भवन खरखरी एवं रीठी विकासखंड के अंतर्गत शासकीय कन्या माध्यमिक शाला रीठी, कन्या प्राथमिक शाला बिलहरी, पुराना पंचायत भवन बड़गांव, शासकीय प्राथमिक शाला इमलाज, शासकीय प्राथमिक शाला हरद्वारा, पंचायत भवन देवराकलां, शासकीय माध्यमिक शाला पिपरियापरौही, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र घुघरा, पंचायत भवन उमरिया, शासकीय माध्यमिक शाला देवगांव, शासकीय माध्यमिक शाला बरजी, शासकीय माध्यमिक शाला बड़ागांव शामिल है।

## बड़वारा, विजयराघवगढ़ और बहोरीबंद में भी दिखा उत्साह

जिले के विजयराघवगढ़ और बड़वारा विकासखंड में भी वैक्सीनेशन को लेकर उत्साह देखा गया। बताया जाता है कि विजयराघवगढ़ विकासखंड के अंतर्गत शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय एसीसी स्कूल कैमोर, कुंदरेही पंचायत भवन, पथरहटा पंचायत भवन, डीघी पंचायत भवन, गुहावल पंचायत भवन, देवराकला पंचायत भवन, चपना पंचायत भवन, बड़ारी पंचायत भवन, अमेहटा पंचायत भवन एवं बड़वारा विकासखंड के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़वारा, अमाड़ी पंचायत भवन, पठरा पंचायत भवन, चांदन पंचायत भवन, खरटा पंचायत भवन, विलायतकला पंचायत भवन, भजियसा पंचायत भवन, बरही तहसील के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरही, खितौली पंचायत भवन, उपस्वास्थ्य केन्द्र पिपरियाकलां, उपस्वास्थ्य केन्द्र बगैहा, कुआं पंचायत भवन, बहोरीबंद विकासखंड के अंतर्गत शासकीय कन्या शाला बहोरीबंद, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्लीमनाबाद, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बाकल, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तेवरी, इमलिया पंचायत भवन, पटीकला पंचायत भवन, पटोरी पंचायत भवन, मझगवां पंचायत भवन, पटीराजा पंचायत भवन, गौरहा पंचायत भवन में टीकाकरण किया गया।

## कैमोर में टीका लगवाने उमड़े लोग

**कैमोर।** राज्य शासन के निर्देश पर आज 21 जून से शुरू किए गए टीकाकरण महाअभियान के पहले दिन कैमोर के एसीसी स्कूल में स्थापित केंद्र में वैक्सीन का टीका लगवाने भारी संख्या में लोग पहुंचे। युवाओं सहित 45 साल से ऊपर वालों में भी टीका को लेकर काफी उत्साह देखा गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहित नगर परिषद की टीम इस महाअभियान को सफल बनाने में जुटी रही। तहसील और जिला प्रशासन के प्रमुख अधिकारी क्षेत्र के विभिन केंद्रों में घूम-घूमकर अभियान का निरीक्षण करते रहे। वैक्सीनेशन सेंटर तक लोगों को लाने में नगर के अनेक प्रेरकों एवं समाजसेवी संगठन तपस्या ग्रुप का प्रमुख योगदान रहा। तपस्या ग्रुप द्वारा अपने मदद वाहन के जरिये पूरे क्षेत्र में टीकाकरण के लिए न केवल प्रचार किया गया बल्कि बुजुर्ग और विकलांग लोगों को तपस्या के मदद वाहन से वैक्सीन सेंटर तक पहुंचाया गया। ग्रुप की महिला सदस्यों ने रंगोली और पोस्टरों के जरिये अभियान का प्रचार किया। जन परिषद की कैमोर इकाई द्वारा भी टीकाकरण के इस महाअभियान को सफल बनाने पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया। खबर लिखे जाने तक कैमोर के इस सेंटर में एक सैकड़ा से भी अधिक लोगों को टीका लगाया जा चुका था। लोगों को आकर्षित करने टीकाकरण केंद्र को रंगीन गुब्बारों और चमकीली पन्नियों से सजाया गया था। टीका लगवाने आने वालों के लिए छायादार टेंट में कुर्सियां और शीतल पेयजल का भी इंतजाम किया गया था।







**PRE. REGISTRATION साईनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग/ श्री हास्पिटल**

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318



यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033



पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist

**डॉ. स्मिता बजाज**

MBBS, DTCD, CCEDM

टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट

मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना

नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।

संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)

कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी

फोन-07622-236253, मो. 6266203009






**PRE. REGISTRATION**

**साईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल**

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल

नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)